# अध्याय 4 डाटा उत्पादों की बिक्री

**लेखापरीक्षा उद्देश्य 2 : क्या डाटा उत्पादों की बिक्री राजस्व को बढ़ाने का परिणाम थी, का आंकलन करना।**



**डाटा उत्पादों की बिक्री**

**डाटा उत्पादों की बिक्री**

**4.1** ग्राहकों के लिए गैर–भेदभावपूर्ण तरीके से डाटा उत्पादों को बेचने हेतु वर्ष 2001 में सुदूर संवेदन डाटा पॉलिसी की शुरूआत हुई। इसलिए, एनआरएससी को निजी ग्राहकों के आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु इसके उत्पादों और सेवाओं को उपयुक्त बनाने के लिए निजी ग्राहकों की जरूरतों को समझना था और डाटा उत्पादों की बिक्री को बढ़ाकर सुदूर संवेदन डाटा यूटिलाइजेशन कार्यक्रम को दीर्घकालिक बनाना था। वर्ष 1996–97 के लिए डीओएस पर संसद की कार्यकारी समिति ने पाया कि *'सुदूर संवेदन राष्ट्रीय विकास की गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में विकसित हो रहा है। सुदूर संवेदन डाटा में मूल्य वर्धन की ऐसी वृहत् मात्रा है जिसका उपयोग सरकारी एवं गैर सरकारी विषयों तथा कार्यों में वाणिज्यिक रूप से किया जा सकता है। इसलिए, समिति ने यह महसूस किया कि सुदूर संवेदन डाटा उपयोग कार्यक्रम की प्रक्रिया में अधिक से अधिक निजी उद्यमियों को जुड़ना चाहिए'।*

इस प्रसंग में, 2003–04 से 2008–09 की अवधि के दौरान बेचे गए सेटेलाइट डाटा प्रोडक्ट्स का विवरण सारणी 5 में क्षेत्रवार किया गया है।

## सारणी 5
## डाटा उत्पाद की बिक्री

(राशि: करोड़ ₹ में)

| क्षेत्र | सरकारी क्षेत्र[26] | | निजी ग्राहक[27] | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | उत्पादों की संख्या (प्रतिशत) | राजस्व वसूल किया (प्रतिशत) | उत्पादों की संख्या (प्रतिशत) | राजस्व वसूल किया (प्रतिशत) | उत्पादों की संख्या | राजस्व वसूल किया |
| **2003-04** | 14723 (83) | 19.83 (81) | 3081 (17) | 4.58 (19) | 17804 | 24.41 |
| **2004-05** | 16317 (86) | 29.54 (85) | 2750 (14) | 5.14 (15) | 19067 | 34.68 |
| **2005-06** | 16996 (86) | 30.05 (85) | 2709 (14) | 5.28 (15) | 19705 | 35.33 |
| **2006-07** | 23087 (87) | 36.79 (88) | 3391 (13) | 5.07 (12) | 26478 | 41.86 |
| **2007-08** | 31291 (85) | 39.73 (83) | 5510 (15) | 8.22 (17) | 36801 | 47.95 |
| **2008-09** | 32997 (79) | 32.22 (78) | 8571 (21) | 9.3 (22) | 41568 | 41.52 |

यद्यपि निजी क्षेत्र को बिक्री मामूली रूप से[28] बढ़ी है, हमने पाया कि वर्ष 2003–09 की अवधि के दौरान निजी क्षेत्र को औसत बिक्री 20 प्रतिशत से कम थी जबकि सरकारी क्षेत्र को बिक्री 80 प्रतिशत से अधिक थी।

जुलाई 2009 में डीओएस ने जवाब दिया कि निजी क्षेत्र ने मुख्य रूप से अवसंरचना तथा यूटिलिटी मैपिंग एप्लिकेशन के लिए उच्च रिजोल्यूशन वाले डाटा को खरीदा था और यह कार्टोसैट 1 व 2 उपग्रहों के प्रक्षेपण द्वारा उपलब्ध कराया गया था। डीओएस के जवाब को निजी क्षेत्र में कम बिक्री की तुलना तथा निजी क्षेत्र की बिक्री में वृद्धि के संबंध में डीओएस पर संसद की कार्यकारी समिति की अनुशंसा के परिप्रेक्ष्य में देखने की आवश्यकता है। उच्च रिजोल्यूशन वाला डाटा 1995 से पूर्व भी आईआरएस 1सी के माध्यम से उपलब्ध था। आगे, मई 2005 में कार्टोसैट–1 तथा जनवरी 2007 में कार्टोसैट–2 के प्रक्षेपण के बावजूद, निजी क्षेत्र के बिक्री में कोई खास वृद्धि नहीं हुई जो यह सूचित करता है कि निजी क्षेत्र के प्रयोक्ताओं की आवश्यकता के अनुसार डाटा को कस्टमाइज करने में तथा ग्राहकों की संख्या में विस्तार की संभावना का पता लगाने में भी एनआरएससी के प्रयास पर्याप्त नहीं थे।

### डाटा उत्पादों की अंतराष्ट्रीय दर

**4.2** भारतीय सुदूर संवेदन डाटा उत्पादों को एनआरएससी के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से भारतीय ग्राहकों (वे भी जो सार्क देशों में शामिल हैं) को बेचे जाते हैं। अंतराष्ट्रीय ग्राहकों के लिए, एनआरएससी एसीएल के माध्यम से डाटा उत्पादों को भारतीय कीमत से ढ़ाई गुणा कीमत पर बेचते हैं। इस कीमत में एसीएल का 100 प्रतिशत एजेंसी कमीशन शामिल रहता है। एनआरएससी जरूत होने पर रडारसैट, इकोनोस, क्विकबर्ड, इत्यादि से भी सीधे विदेशी उपग्रहों को भी खरीदता है।

[26] डीओएस/एनआरएससी, केंद्र एवं राज्य सरकार।

[27] शैक्षिक, निजी तथा विदेशी ग्राहक।

[28] वर्ष 2007 से 2009 की अवधि के दौरान।

हमने पाया कि उच्च रिजोल्यूशन वाले आईआरएस डाटा उत्पादों को एनआरएससी द्वारा लगाए गए शुल्क पर एसीएल को बेचा गया जिसकी रेंज यूएस $ 0.08 तथा यूएस $ 2.5 प्रति वर्ग कि.मी. के बीच थी। उसी प्रकार के उच्च रिजोल्यूशन वाले डाटा उत्पादों के लिए, एसीएल ने यूएस $ 0.16 से यूएस $ 8.6 तक का शुल्क लगाया जिसका मूल्य अंतराष्ट्रीय बाजार में यूएस $ 4.38 औसत है। इसकी तुलना में, अंतराष्ट्रीय बाजार में उसी प्रकार के उच्च रिजोल्यूशन वाले डाटा पर लगाया गया शुल्क जो बाजार की सामान्य प्रवृति पर आधारित है, की रेंज यूएस $ 17 तथा यूएस $ 35 प्रति वर्ग कि.मी. के बीच है, जिसका औसत यूएस $ 26 बनता है। अतः उच्च रिजोल्यूशन वाले उपग्रह की अंतराष्ट्रीय बाजार दर आईआरएस डाटा की कीमत से लगभग छः गुणा[29] अधिक था। उसी प्रकार के उत्पादों के लिए अंतराष्ट्रीय दरों के साथ आईआरएस के दरों की तुलना सारणी 6 में दी गई है।

## सारणी 6
## आईआरएस के डाटा उत्पादों की कीमतों के साथ अंतराष्ट्रीय कीमतों की तुलना

**(राशि: करोड़ ₹ में)**

| वर्ष | आईआरएस उत्पादों का बिक्री मूल्य (अंतराष्ट्रीय बिक्री) | औसत अंतराष्ट्रीय बाजार के कीमतों पर आईआरएस डाटा उत्पाद का बिक्री मूल्य | अंतर |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) = (2)*26/4.38 | (4) = (3) - (2) |
| 2004-05 | 1.46 | 8.67 | 7.21 |
| 2005-06 | 1.94 | 11.52 | 9.58 |
| 2006-07 | 1.96 | 11.63 | 9.67 |
| 2007-08 | 4.26 | 25.29 | 21.03 |
| **कुल** | **9.62** | **57.11** | **47.49** |

उपरोक्त सारणी से यह देखा जा सकता है कि उच्च रिजोल्यूशन वाले सेटेलाइट डाटा की कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में आईआरएस उत्पादों की तुलना में छः गुणा अधिक है। इसलिए, अंतराष्ट्रीय ग्राहकों को डाटा उत्पादों की बिक्री से ₹ 47.49 करोड़ तक के राजस्व में सुधार लाने की गुंजाइश थी।

जुलाई 2009 में डीओएस ने कहा कि समान रिजोल्यूशन तथा उत्पादों के महत्वपूर्ण कार्यों पर अर्थपूर्ण तुलना की जानी चाहिए। यह भी कहा गया कि कार्टोसैट–2 उत्पादों की कीमत निर्धारित करते समय वैश्विक बाजार में प्रवेश करने में मदद करने के लिए सामरिक मूल्य निर्धारण नीति को अपनाया जाना चाहिए था।

डीओएस के जवाब को इस तथ्य के प्रकाश में देखने की आवश्यकता है कि तुलना केवल समरूप तथा तुलनीय उच्च रिजोल्यूशन वाले (श्याम और श्वेत) डाटा के कीमतों के आधार पर किया गया था। इसलिए, अंतराष्ट्रीय ग्राहकों के लिए आईआरएस डाटा उत्पादों के कीमतों में सुधार करने की आवश्यकता है।

[29] अंतराष्ट्रीय बाजार में उच्च रिजोल्यूशन वाले (श्याम और श्वेत) डाटा की औसत कीमत, जैसे समरूप आईआरएस डाटा की कीमत यूएस $ 4.38 के लगभग छः गुणा यूएस $ 26 है।

| | |
|---|---|
| **निष्कर्ष** | निजी प्रयोक्ताओं की आवश्यकताओं के अनुसार डाटा को व्यवस्थित करने तथा ग्राहक आधार को बढ़ाने की संभावना का पता लगाने में एनआरएससी के प्रयास पर्याप्त नहीं थे। डीओएस की संसद की स्थायी समिति के अनुशंसा के अनुरूप निजी प्रयोक्ताओं के लिए डाटा उत्पादों की बिक्री में कोई सुधार नहीं था। आगे, अंतराष्ट्रीय दरों के अनुरूप आईआरएस डाटा उत्पादों के दरों को बढ़ाने की भी सम्भावना थी। |

| हमारी अनुशंसाएं | अनुशंसाओं पर एनआरएससी द्वारा प्रस्तावित कार्यवाही |
|---|---|
| **5.** राजस्व को बढ़ाने के विचार के साथ, एनआरएससी/डीओएस को भारत में निजी उद्यमियों द्वारा डाटा उत्पादों के प्रयोग में सुधार लाने के लिए सार्थक कदम उठाने की आवश्यकता है। | *एनआरएससी ने फरवरी 2010 में कहा कि सेटेलाइट डाटा उत्पादों को नियंत्रित करने के लिए निजी उद्यमियों के साथ मिलकर उनकी कौशलता में सुधार करने हेतु कार्य जारी रहेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनकी भागीदारी में सुधार और उत्पादों तथा सेवाओं जिसमें वेब पर आधारित पोर्टल के माध्यम से प्रयोक्ता समुदाय को एप्लिकेशन सेवाओं में प्रसार शामिल है, को बढ़ाने की योजना भी बनाई गई थी।* |
| **6.** एनआरएससी द्वारा आईआरएस डाटा उत्पादों, विशेष रूप से अंतराष्ट्रीय रूप से बेचे गए उत्पादों की कीमतों का निर्धारण अंतराष्ट्रीय बाजारों में समरूप उत्पादों की कीमतों के आधार पर करके सुप्रवाही बनाना चाहिए। | *एनआरएससी ने फरवरी 2010 में कहा कि वे समय–समय पर कीमत निर्धारण नीति की दुबारा जांच करेंगी और प्रयोक्ता अकांक्षा तथा बाजार भाव के विचार में कीमत निर्धारण के सिद्धांतों तथा कीमत निर्धारण की कार्यनीति को ध्यान में रखकर उसका पुनर्निर्माण करेंगे।* |